an>

Title: Need to set up an enquiry for the appointments made under NRHM at Hardoi.

श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख) : महोदय, मैं अभी हाल में मार्च-अप्रैल, 2015 में मेरे जनपद हरदोई में राÂट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत डॉक्टर एमबीबीएस के सात पद, स्टाफ नर्स के 58 पद, ट्रीटमेंट सुपरवाइजर के पद 12, एनएनएम-2 पद, ट्रिटमेंट सुपरवाइजर जिला प्रबन्धक-1 पद की भर्ती प्रक्रिया पूरी की गयी, साक्षात्कार का दिखावा किया गया तथा अंक पेंसिल से अंकित किए गए। साक्षात्कार समाप्त होने के बाद जिन-जिन अभ्यर्थियों का पैसा भर्ती के लिए जमा था, उन्हें भर्ती कर लिया गया जिस कारण अयोग्य लोगों का चयन हुआ है।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करती हूं कि राÂट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की उक्त भर्ती प्रक्रिया को पुनः समीक्षा कर नई नीति बनाई जाए तथा जनपद हरदोई सहित उत्तर प्रदेश राज्य की राÂट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत की गयी भर्ती की जांच कराकर दोÂि◌यों को दण्डित किया जाए जिससे यह योजना अपने मूल उद्देश्य तक पहुंच सके।